भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

Thursday, 27 September 2018

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी की ओर से जारी</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

सरदार पटेल को अपमानित करने के उद्देश्य से राहुल गांधी ने जान-बूझ कर देश की एकता एवं अखंडता के अग्रदूत लौह-पुरुष पर यह अमर्यादित बयान दिया है, यह सर्वथा निंदनीय है, भारतीय जनता पार्टी इसकी कड़ी भर्त्सना करती है।

****

आज जब समग्र राष्ट्र स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के माध्यम से सरदार पटेल को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, राहुल गांधी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का मजाक उड़ाकर, इस प्रोजेक्ट के बारे में अनर्गल झूठ फैलाकर सरदार पटेल का अपमानित कर रहे हैं

****

राहुल गांधी आपके परिवार ने सरदार पटेल को अपमानित किया, देशवासियों से दिलो-दिमाग से उनकी गौरवशाली विरासत को मिटाने की नाकाम कोशिश की। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के बारे में आपका ये झूठ सरदार पटेल को लेकर आपके और आपके परिवार में पलने वाले नफरत को ही उजागर कर रहा है

****

राहुल गांधी के भारत के प्रति नफरत और चीन प्रेम की भावना को पूरा देश जानता है लेकिन राहुल चीनी प्रेम में इतने अंधे हो जाएंगे कि वे सरदार पटेल पर ऐसी अपमानजनक टिप्पणी करेंगे, यह निहायत ही शर्मनाक है। राहुल के इस शर्मनाक बयान से पूरा देश आहत है

****

यह पहली बार नहीं है कि कांग्रेस ने सरदार पटेल को अपमानित किया है, इतिहास में ऐसे कई उदाहरण भरे-पड़े हैं

****

जब तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही, सरदार पटेल को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया गया, कांग्रेस ने संसद में सरदार पटेल का तैल चित्र तक नहीं लगने दिया। इतना ही नहीं, उनके लिए आयोजित श्रद्धांजलि सभा में रुकावट भी डाली गई

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के खोये गौरव और सांस्कृतिक विरासत को पुनः प्रतिष्ठित करने के साथ-साथ देश के महानायकों को भी सम्मान देते हुए उनके कृतित्व और संदेशों से वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को परिचित कराने का बीड़ा उठाया है

****

सरदार वल्लभ भाई पटेल पर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा अपमानजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सरदार पटेल को अपमानित करने के उद्देश्य से राहुल गांधी ने जान-बूझ कर देश की एकता एवं अखंडता के अग्रदूत लौह-पुरुष पर यह अमर्यादित बयान दिया है, यह सर्वथा निंदनीय है, भारतीय जनता पार्टी इसकी कड़ी भर्त्सना करती है।

श्री शाह ने कहा कि आज जब समग्र राष्ट्र स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के माध्यम से सरदार पटेल को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है, राहुल गांधी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का मजाक उड़ाकर, इस प्रोजेक्ट के बारे में अनर्गल झूठ फैलाकर सरदार पटेल का अपमानित कर रहे हैं। इतिहास गवाह है कि कांग्रेस के एक परिवार ने हमेशा ही राष्ट्रभक्तों का अपमान किया है। राहुल गांधी के भारत के प्रति नफरत और चीन प्रेम की भावना को पूरा देश जानता है लेकिन राहुल चीनी प्रेम में इतने अंधे हो जाएंगे कि वे सरदार पटेल पर ऐसी अपमानजनक टिप्पणी करेंगे, यह निहायत ही शर्मनाक है। राहुल के इस शर्मनाक बयान से पूरा देश आहत है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी आपके परिवार ने सरदार पटेल को अपमानित किया, देशवासियों से दिलो-दिमाग से उनकी गौरवशाली विरासत को मिटाने की नाकाम कोशिश की। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के बारे में आपका ये झूठ सरदार पटेल को लेकर आपके और आपके परिवार में पलने वाले नफरत को ही उजागर कर रहा है।

श्री शाह ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि कांग्रेस ने सरदार पटेल को अपमानित किया है, इतिहास में ऐसे कई उदाहरण भरे-पड़े हैं। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में सम्पन्न हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने सरदार पटेल को अपमानित करने का जघन्य पाप किया था। हद तो तब हो गई जब कांग्रेसी नेताओं ने सरदार पटेल की तुलना कई मामलों में आरोपी हार्दिक पटेल जैसे व्यक्ति के साथ कर दी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जब तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही, सरदार पटेल को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया गया, कांग्रेस ने संसद में सरदार पटेल का तैल चित्र तक नहीं लगने दिया। इतना ही नहीं, उनके लिए आयोजित श्रद्धांजलि सभा में रुकावट भी डाली गई। सरदार पटेल को समर्पित सरदार सरोवर बांध में कांग्रेस ने लगातार रोड़े अटकाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सरदार पटेल की छवि को धूमिल करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि वंशवाद में डूबे कांग्रेसी नेताओं ने इंदिरा गांधी को उनके जिन्दा रहते देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया, राजीव गांधी को उनकी मृत्यु के 50 दिन के भीतर ही यह सम्मान दे दिया, लेकिन देश को एक करने वाले सरदार पटेल को देहांत के 41 साल बाद तक भारत रत्न से वंचित रखा गया।

श्री शाह ने कहा कि आजादी के बाद देश के एकीकरण के लिए सरदार पटेल द्वारा किए गए कार्यों को शायद कांग्रेस पार्टी पूरी तरह भूल चुकी है इसीलिए कांग्रेस के कई कद्दावर नेता कश्मीर को आज़ादी देने के पक्ष में भी खड़ी हो जाती है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के खोये गौरव और सांस्कृतिक विरासत को पुनः प्रतिष्ठित करने के साथ-साथ देश के महानायकों को भी सम्मान देते हुए उनके कृतित्व और संदेशों से वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को परिचित कराने का बीड़ा उठाया है। इसी क्रम में पहले वर्षों से लंबित सरदार सरोवर बांध को पूरा कर उन्होंने राष्ट्र को समर्पित किया, फिर उनकी जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इस दिन 'रन फ़ॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री जी ने 31 अक्टूबर 2013 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 137वीं जयंती के मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार वल्लभ भाई पटेल के स्मारक का शिलान्यास किया। इसका नाम 'एकता की मूर्ति' (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है, यह दुनिया की सबसे ऊंची एवं भव्य प्रतिमा होगी जिसका उद्घाटन सरदार पटेल जी की जयंती के अवसर पर आगामी 31 अक्टूबर को किया जाएगा।